तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम रवाना



## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**कोरबा।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फुलो देवी नेताम के निर्देश पर ओपन थियेटर घंटाघर चौक के पास महिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय श्रीमती कुसुम द्विवेदी एवं श्रीमती प्रभा तंवर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित है। शहर अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी एवं घटिया क्वालिटी के साड़ी वितरण किया गया, जिसमें विभाग के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई, जिसके विरोध में विभागीय कैबिनेट मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर ने बताया यह प्रदर्शन 16 अप्रैल को संध्या 4 बजे, घंटाघर कोरबा में आयोजित है। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि जारी

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहाय आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल और शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 20 अप्रैल तक निर्धारित की गई है।

### स्वयं सेवकों ने मनाया डॉ अंबेडकर की जयंती

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक, प्राचार्य संरक्षक के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर व्याख्यान संविधान के प्रस्तावना का वाचन व्याख्यान कार्यशाला पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। स्वयं सेवक नीतीश नागदेव, रोहित, अनीश, विजय, अनुष्का, रोशनी, पुष्पलता,अंकिता, भूमिका इत्यादि स्वयं सेवक के सहभागिता से डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाया गया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने समाज में एक नई दिशा प्रदान की। वे सामाजिक समानता, न्याय और मानव अधिकारों के प्रबल समर्थक थे।

### नवीन धान खरीदी केंद्र का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**चैतमा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समित चैतमा के अंतर्गत पंचायत नानबांका से कपोट तक लगभग 15 ग्राम पचायत के कृषक धान खरीदी केंद्र चैतमा में धान बेचने एवं खाद बीज लेने आते थे जिससे परेशानी होता था, परेशानी को देखते जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडकी में नवीन धान खरीदी केंद्र का लोकार्पण किया गया। धान खरीदी केंद्र के साथ साथ आदिम जाति सेवा सहकारी समित डोडकी नई समिति पंजीयन किया गया।

# आरटीई की निकली लॉटरी, 534 छात्रों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत जिले में इस बार निःशुल्क शिक्षा के लिए 777 सीटों में केवल 534 छात्रों को ही पहले चरण में प्रवेश दिया जाएगा। बुधवार को लॉटरी निकाले जाने के बाद दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य शुरु होगा। रायपुर में लॉटरी निकलने के बाद चयनीत छात्रों की सूची नोडल स्कूल के प्राचार्यों को भेज दी गई है।

आरटीई के तहत इस बार नर्सरी कक्षाओं को इससे बाहर किए जाने के बाद प्रवेश के लिए सीटों की संख्या के साथ स्कूलों की संख्या भी कम हो गई है। इस वर्ष तीन सौ से कम स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा और कुल 777 स्थान आरक्षित रखें गए हैं। जिनमें 534 छात्रों को प्रवेश दिया गया है। बुधवार को लॉटरी निकाले जाने के बाद चयनित छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन नोडल स्कूलों के प्राचार्यों के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग से भी दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। स्कूलों की संख्या कम होने के कारण सीट की संख्या भी कम हुई है लेकिन प्रवेश के लिए 24 सौ छात्रों ने अपने आवेदन दिये थे। इन आवेदनों के निरीक्षण करने के बाद 15 सौ ऐसे आवेदन थे जो प्रवेश के लिए चयनित हुए और इन आवेदनों में ही लॉटरी निकाली गई है। ऐसे में 50 प्रतिशत छात्रों के प्रवेश का रास्ता साफ हुआ है। इसके लिए नोडल स्कूल के प्राचार्यों के द्वारा आवेदन पत्रों का अनुमोदन किया गया था। बीते वर्ष आवेदन पत्रों की संख्या भी ढाई हजार से अधिक थी और नर्सरी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु करने के कारण सीट की संख्या भी अधिक होने के कारण अधिकांश छात्रों को आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश मिल गया था। जिले में तीन सौ से अधिक निजी स्कूल हैं लेकिन आरटीई के तहत इस वर्ष जिन स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा उनकी संख्या 265 बतायी गई है।

## नर्सरी को हटाए जाने के बाद स्कूलों की संख्या हुई कम

**खास बात**

- दस्तावेजों के सत्यापन के लिए जाना होगा नोडल प्राचार्यों के पास



### बीच की कक्षाओं में बंद हुआ प्रवेश

आरटीई के नए नियम के तहत पहली कक्षा से प्रवेश दिया जाएगा। उपर की कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाला अगर कोई छात्र स्कूल छोड़कर जाता है तो वह सीट रिक्त मानी जाएगी। उस सीट पर किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह नियम जारी होने के बाद अब रिक्त सीटों में प्रवेश केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश मिल सकेगा ऐसा निजी स्कूलों के द्वारा प्रवेश के आड़ में किए जाने वाले फर्जीवाड़े के कारण किया गया है।

## हसदेव ताप विद्युत गृह द्वारा हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी प्रवाहित करने का मामला

# नदी में राखड़युक्त पानी बहाना पड़ा महंगा अधीक्षण अभियंता का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम प्रबंधन द्वारा झाबू स्थित राखड़ बांध भरने की वजह से तटबंध से राखड़युक्त पानी का बहाव होने पर उसे हसदेव नदी में समाहित कर दिया गया था। जिसकी वजह से बायीं तट नहर भी प्रदूषित हो गया था और राखड़युक्त पानी के विस्थापन से निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस मामले को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित की है। जिसके बाद जल संसाधन विभाग द्वारा संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ 18 करोड़ का जुर्माना भी ठोंका गया था। अब इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधीक्षण अभियंता पीतांबर नेताम का रायपुर तबादला कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 13 अप्रैल के अंक में 'हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना' नामक शीर्षक के साथ इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। अब इस मामले में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के सिविल विभाग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता पीतांबर नेताम पर कार्यवाही की गाज गिरी है। श्री नेताम का रायपुर तबादला कर दिया गया है उनकी जगह पर सत्येंद्र साहू को अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। यहां बताना होगा कि अधीक्षण अभियंता पीतांबर नेताम का नाम उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब झाबू राखड़ डेम फूटने के बाद दर्री बांध में राखड़ युक्त पानी छोड़े जाने का मामला सामने आया था। इस घटना के बाद जल प्रदूषण की शिकायतें तेजी से सामने आईं, जिस पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सख्त नाराजगी जताते हुए संयंत्र के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम प्रबंधन द्वारा झाबू स्थित राखड़ बांध भरने की वजह से तटबंध से राखड़युक्त पानी का बहाव होने लगा। कंपनी प्रबंधन द्वारा हालात को संभालने की बजाए जानकारी छिपाने की कोशिश की गई और राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में समाहित किया जाने लगा। हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी के समाहित होने से नदी के साथ साथ नहर का पानी भी प्रदूषित हो गया जिसकी वजह से निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित होने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर जांच के आदेश दिए जिसके बाद सिंचाई विभाग ने एचटीपीपी प्रबंधन के खिलाफ 18 करोड़ का जुर्माना ठोंका है।

**खास बात**

- कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित, अन्य दोषियों पर भी गिर सकती है कार्यवाही की गाज


एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से किया जा रहा था राखड़युक्त पानी का विस्थापन
हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना
मामले की हो रही जांच
जल आपूर्ति में आ रही थी बाधा
एसडीएम को लिखा पत्र
ठोका गया जुर्माना

हरिभूमि में पूर्व में प्रकाशित खबर की कतरन।

### ठेकेदार पर भी कार्यवाही की मांग

हालांकि स्थानीय स्तर पर यह भी मांग उठ रही है कि सिर्फ अधिकारियों का तबादला ही काफी नहीं है। लोगों का कहना है कि इस प्रकरण में जुड़े ठेकेदार पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उसे ब्लैकलिस्ट करने के साथ-साथ जो भी आर्थिक दंड लगाया गया है, उसकी वसूली सीधे ठेकेदार से की जानी चाहिए। सूत्रों की मानें तो बीते कुछ वर्षों में राखड़ प्रबंधन के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं। यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है तो बड़े भ्रष्टाचार के सामने आने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले तीन सालों में इस कार्य में भारी अनियमितताएं हुई हैं। अब देखना यह है कि विभाग जांच को किस दिशा में आगे बढ़ाता है और क्या जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई होती है।

# टंकी में गिरा था कबर बिज्जू, नोवा नेचर की टीम ने किया सफल रेस्क्यू


टंकी में गिरा कबर बिज्जू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अपनी समृद्ध जैव-विविधता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। यहां कई बार ऐसे जीव देखने को मिलते हैं जिनसे आम लोग चकित रह जाते हैं। इसी कड़ी में हरदीबाज़ार क्षेत्र के ग्राम मुढाली में एक ऐसी घटना घटी, जिसमें मानव और जीवों के बीच प्रेम भावना दिखी।

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार क्षेत्र के ग्राम मुढाली में बन रही टंकी में एक कबर बिज्जू कुछ दिनों से गिरा हुआ था, उसे बचाने के उद्देश्य से उसमें सीढ़ी लगा दी गई थी ताकि वह खुद ही बाहर निकल जाए पर वह नहीं निकल पाया, जब गांव वालों को समझ आ गया कि इसका निकलना संभव नहीं है तो गांव के एक युवक भूपेंद्र दास ने घटना की जानकारी तत्काल वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के जितेंद्र सारथी को दी गई। इसके बाद मामले की जानकारी कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत को दी गई, उनके मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी ने अपनी टीम के राजू बर्मन और बबलू मारवा को तत्काल ग्राम मुंडाली के लिए रवाना किया। गांव पहुंचने पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कबर बिज्जू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सफल रेस्क्यू के बाद गांव वालों के साथ वन विभाग ने राहत की सांस ली, फिर पंचनामा तैयार करने के पश्चात बज्जू को उसके प्राकृतिक रहवास में छोड़ा गया। इस रेस्क्यु ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- हरदीबाजार क्षेत्र के ग्राम मुढ़ाली का मामला

# बेहाल व्यवस्था सुधारने यातायात विभाग हुआ सख्त, मनमानी पार्किंग से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस विभाग ने बेहाल यातायात व्यवस्था सुधारने सख्त कार्यवाही करते हुए एक बार पुनः अनेक वाहनों को क्रेन से उठाकर जब्त कर लिया। मुख्य मार्ग पर अवैध पार्किंग के कारण रोजाना जाम की स्थिति निर्मित हो रही हैं, जिसे सुचारु रूप से चलाने हेतु सख्त कार्यवाही की जा रही हैं।

अंचल में संचालित पाम मॉल और विशाल मेगा मार्ट के सामने यातायात पुलिस विभाग ने अभियान चलाते हुए सख्त कार्यवाही की। पावर हाउस रोड और स्टेडियम रोड पर स्थित इन व्यावसायिक प्रतिष्ठान के ठीक सामने मनमाने तरीके से गाडियों की पार्किंग कर देने से स्थिति बिगड़ रही हैं। बड़े लंबे हिस्से में जाम लग जाने से लोग परेशान हुए। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नीतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- वाहनों को क्रेन से उठाकर किया गया जप्त


कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

# कोयला अधिकारियों को जल्द होगा पीआरपी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला क्षेत्र के अधिकारियों के लिए राहत भरी खबर है कि कोल इंडिया की 416वीं कमेटी ऑफ फंक्शनल डायरेक्टर्स (सीएफडी) की 26 मार्च को हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सहायक कंपनियों के एमओयू प्रदर्शन मूल्यांकन को मंजूरी दे दी गई है। बैठक के दौरान कंपनियों द्वारा प्रस्तुत स्व-मूल्यांकन स्कोर और समिति द्वारा सत्यापित अंतिम अंकों की गहन समीक्षा की गई। कोल इंडिया का समेकित एमओयू स्कोर 84.46 दर्ज किया गया है, जिसके आधार पर महारत्न कंपनी को 'वैरी गुड' रेटिंग प्रदान की गई है। इसके साथ ही सभी सहायक कंपनियों ने अपनी परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन रिपोर्ट (पीईआरएस) जमा कर दी है, जिन्हें समिति ने अंतिम रूप दे दिया है।

मूल्यांकन रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल और सीएमपीडीआईएल ने एक्सीलेंट श्रेणी में स्थान हासिल कर अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है। विशेष रूप से सीएमपीडीआईएल ने 98.23 के स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं झारखंड की प्रमुख कंपनियों बीसीसीएल और सीसीएल ने क्रमशः 84.08 और 86.93 अंकों के साथ वैरी गुड रेटिंग प्राप्त की है जो उनके स्थिर प्रदर्शन को दर्शाता है। दूसरी ओर ईसीएल को मात्र 57.59 अंकों के साथ गुड रेटिंग मिली है, जो स्पष्ट संकेत है कि कंपनी के परिचालन और उत्पादकता में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सीएफडी की इन सिफारिशों के बाद अब संबंधित स्कोर और रेटिंग्स को सहायक कंपनियों के बोर्ड के पास अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बोर्ड की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इस प्रस्ताव को कोल इंडिया बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। जिसके पश्चात अधिकारियों के परफॉर्मेंस रिलेटेड पे के भुगतान की प्रक्रिया विधिवत शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि कोल इंडिया में अधिकारियों के आर्थिक लाभ का सीधा निर्धारण इन्हीं एमओयू स्कोर्स और रेटिंग के आधार पर होता है। एक्सीलेंट रेटिंग पाने वाली कंपनियों के अधिकारियों को वित्तीय लाभ अधिक मिलता है जबकि गुड या उससे कम रेटिंग होने पर पीआरपी की राशि आनुपातिक रूप से घट जाती है।

**खास बात**

- अनुषंगी कंपनियों के पीआरएस जमा करने के बाद समिति ने दिया अंतिम रूप

### प्रमुख कंपनियों की रेटिंग

| | (2024-25) |
|---|---|
| एसईसीएल | 76.78 (वैरी गुड) |
| ईसीएल | 57.59 (गुड) |
| बीसीसीएल | 84.08 (वैरी गुड) |
| सीसीएल | 86.93 (वैरी गुड) |
| एनसीएल | 90.92 (एक्सीलेंट) |
| डब्ल्यूसीएल | 90.17 (एक्सीलेंट) |
| एमसीएल | 90.61 (एक्सीलेंट) |
| सीएमपीडीआईएल | 98.23 (एक्सीलेंट) |
| कोल इंडिया | 84.46 (वैरी गुड) |

## उद्योग मंत्री ने महापौर की उपस्थिति में स्वीच आन कर प्वाइंट को किया लोकार्पित

# कबाड़ से जुगाड़ थीम पर घंटाघर में बना एंटिक सेल्फी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा कबाड़ से जुगाड़ थीम पर साडा कार्यकाल के पुराने व अनुपयोगी हो चुके रोड रौलर की डेंटिंग पेंटिंग कर घंटाघर स्थित ट्राईंगल में सजा कर एंटिक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है तथा ट्राईंगल को संवारा गया है। मंगलवार को शाम प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की उपस्थिति में स्वीच आन कर प्वाइंट को लोकार्पित किया।

नगर निगम द्वारा शहर सौंदर्यीकरण एवं ऊर्जानगरी को सजाने संवारने की दिशा में नित नये काम कराये जा रहे हैं, एक ओर जहाँ शहर की स्वच्छता, साफ-सफाई, यातायात व सुव्यवस्थित आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न थीमों के आधार पर वाल पेंटिंग, चित्रकारी, लघु उद्यानिकी, कार्यो के साथ-साथ रोड साईट व डिवाईडर प्लांटेशन का कार्य भी हो रहा है, वहीं चौक-चौराहों को सजाने संवारने, उन्हें बेहतर लुक देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शहर को लगातार सजाने के क्रम में आज घंटाघर चौक स्थित ट्राईंगल में साडा कार्यकाल की पुरानी व अनुपयोगी रोड रौलर को आकर्षक रूप से सजा कर स्थापित किया गया। एंटिक रूप से बनाये गये उक्त प्वाइंट में लोग सेल्फी का भी आनंद ले रहे हैं तथा प्वाइंट में नये साज सज्जा के साथ स्थापित पुराने व एंटिक रोड रौलर के साथ अपनी सेल्फी ले रहे हैं। मंगलवार को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वीच आन कर उक्त प्वाइंट का लोकार्पण किया। इस मौके पर सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, लक्ष्य चतुर्वेदी, पुनीराम साहू, प्रकाश अग्रवाल, मिलाप बरेठ, सुरेन्द्र राजवाडे, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, रामप्रसाद मिरी, दीनदयाल साहू, द्वासराम साहू, मदन दिव्य, भूपेन्द्र गवेल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।


एंटिक सेल्फी पाइंट का उद्घाटन करते उद्योग मंत्री।

# पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य जिले में उपलब्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित एवं डिजिटल माध्यम से भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत विद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों तथा निजी संग्रहों में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों (हस्तलिखित ग्रंथों) का अन्वेषण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कर उन्हें व्यापक रूप से जनसुलभ बनाना है। इस हेतु जिला स्तर पर संरक्षित व संग्रहित पांडुलिपि-हस्तलिखित ग्रन्थों की पहचान करने निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम एवं क्षेत्रवार सर्वेक्षकों की नियुक्ति कर जमीनी स्तर पर कार्य को मजबूत करने की बात कही। साथ ही प्राप्त पांडुलिपी का जीआई टैंगिग कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित एवं डिजिटलाइज करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को इस अभियान को गम्भीरता से लेने एवं निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी, आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी मचाने वाले गुण्डा बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह को सूचना मिली कि तोरवा थाने का गुण्डा बदमाश ईलू उर्फ राजेश्वर गर्ग पिता रंजन गर्ग 30 साल देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी मचा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर जाकर ईलू उफ राजेश्वर गर्ग को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ तोरवा थाने में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### तेज रफ्तार से जा रहे डीजे वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार से जा रहे डीजे वाहन को युवक रोकने का इशारा कर रह था। चालक युवक को टक्कर मारते हुए भाग गया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, खरकेना निवासी शिवकुमार भारद्वाज पिता छेदूराम 35 साल के घर 12 अप्रैल को छठ्ठी कार्यक्रम था। 13 अप्रैल को भी खाने पीने का कार्यक्रम चल रहा था। शाम 5.30 बजे हरदी की ओर से डीजे वाहन क्रमांक सीजी 08 एई, 8216 का चालक तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित गति से चलाते हुए गांव की तरफ आ रहा था। शिवकुमार भारद्वाज सड़क किनारे खड़े होकर तेज गति से गाड़ी चलाने से रोकने के लिए हाथ दिखाकर इशारा कर रहा था। चालक तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में शिवकुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान से सोने के सिक्के व नकद रकम चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान से चोरों ने सोने के सिक्के व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा निवासी विजय कुमार साहू पिता मंगल साहू ट्रेवल एजेंसी के संचालक हैं। 12 अप्रैल को वे दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ ससुराल दल्हा पंडरिया गए थे। 13 अप्रैल की सुबह वे वापस घर आए तो ताला व दरवाजा टूटा मिला। आलमारी से दो सोने के सिक्के, 10 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अलग अलग घटनाओं में दो लोगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में आपसी विवाद में दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी संदीप धृतलहरे 14 अप्रैल की रात 11 बजे घर में थे। इसी दौरान मोहल्ले का हेमराज दिव्या उन्हें बुलाकर सांई मंदिर के पीछे लेकर गया और उन्हें शराब पिलाया। उसके बाद पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी आंख के पास चोट आई है। दूसरी घटना में सरकण्डा चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी ईश्वर विश्वकर्मा पिता स्व. पूरन विश्वकर्मा 26 साल को सन्नी उर्फ जूनियर साहू ने गाली गलौज कर मारपीट कर पेट में चाकू से हमला कर दिया है।

### कार ने बच्ची को कुचला लोगों ने की तोड़फोड़

**जांजगीर-चाम्पा।** सक्ती जिले के ग्राम फगुरम में तेज रफ्तार कार ने बच्ची को कुचला दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। कार का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 15 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार कार ने फगुरम में एक बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।

---

**एआई शिक्षण प्रणाली को मिलेगा बढ़ावा**

**राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी**

# आत्मानंद स्कूलों में मुफ्त नहीं रहेगी पढ़ाई, सालाना फीस 1500 रुपए तक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल (सेजेस) में अब पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त नहीं रहेगी। राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी कर ली है। इसके तहत 9 वीं से 12वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय परिसर में मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखा जाएगा तो प्रत्येक माह में एक दिन निर्धारित कर इंग्लिश स्पीकिंग डे मनाया जाएगा। इसके साथ ही एआई आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़कर अब 751 हो गई है। जिले में इन




स्कूलों की संख्या 40 है। पिछले दिनों इन स्कूलों के संचालन की दिशा तय करने के लिए बैठक हुई। इसमें बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा, प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारण, एडमिशन, अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता पर विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, पीटीए आयोजन की सफलता की समीक्षा, पालक अधिकारी द्वारा किए गए प्रयास की समीक्षा, विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाने में विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, स्मार्ट क्लास रूम व पुस्तकालय के उपयोग पर चर्चा की गई।

- इसमें 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी
- राज्य में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़कर अब 751 हो गई है

### इस तरह ली जाएगी फीस

| मद | हाईस्कूल | हायर सेकेंडरी |
|---|---|---|
| कार्यकलाप | 50 | 50 |
| निर्धन छात्र | 10 | 10 |
| विज्ञान क्लब निधि | 10 | 10 |
| बालचर निधि | 50 | 50 |
| रेडक्रॉस निधि | 30 | 30 |
| कीड़ा शुल्क | 50 | 6 |
| विज्ञान क्लब | 10 | 10 |
| प्रायोगिक शुल्क | 50 | 70 |
| परीक्षा शुल्क | 150 | 150 |
| योग | 410 | 445 |

### अनुदान राशि बढ़कर 5 लाख होगी

इसके साथ ही यह तय किया गया कि इन स्कूलों को मिलने वाले अनुदान को फिर से 5 लाख रुपए किया जाए। इससे पहले यह राशि घटाकर 2 लाख कर दी गई थी। प्राचार्यों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन के लिए शासन द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 5 लाख रुपए प्रदान किए जाते थे। इस राशि से विद्यालयीन व्यवस्था की जाती थी। बीते दो सत्रों से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में कमी आई है। इसके अतिरिक्त फंड भी विलंब से प्रदान किया जा रहा है। आर्थिक समस्या को देखते हुए अब निर्णय लिया गया है कि अन्य शासकीय विद्यालयों की तर्ज पर स्वामी विवेकानंद विद्यालय में भी छात्रों से शुल्क लिया जाएगा, ताकि व्यवस्था पूर्ववत संचालित होती रही। मौजूदा अनुदान से साफ-सफाई, स्टेशनरी, परीक्षा और रखरखाव जैसे जरूरी खर्च भी पूरे नहीं हो पाते हैं। इसलिए राशि बढ़ाए जाने का फैसला सही है।

### गाइड लाइन पर हुई है चर्चा

स्कूलों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन पर चर्चा हुई है। इसमें बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा, प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारण, एडमिशन, अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता पर चर्चा की गई। इसके तहत 9 वीं से 12 वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**शहर का शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार**

# बराज तैयार, टांसफार्मर का इंतजार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अरपा नदी पर बनाए गए दोनों बराज शिवघाट व पचरीघाट पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। बस टांसफार्मर लगना बाकी है, जिसके लिए सिंचाई विभाग ने सारी औपचारिकता पूरी कर ली है। अब पिछले एक महीने से बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाए जाने का इंतजार किया जा रहा है। इधर शहरवासियों ने बराज के ऊपर से आवाजाही भी प्रारंभ कर दी है, लेकिन शाम को अंधेरा होने के कारण दुर्घटना का भय भी बना रहता है।

- दोनों बराज में ट्रांसफार्मर लगाने बिजली विभाग दे रहा पेशी

अरपा नदी में बारहों महीने जलभराव के उद्देश्य से सिंचाई विभाग द्वारा दो बराज बनाए गए हैं। शिवघाट तो बीते वर्ष से ही बनकर तैयार हो चुका था, वहीं अब पचरीघाट का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। आज की स्थिति में दोनों ही बराज में ट्रांसफार्मर लगाना शेष है, जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा बताई गई सार औपचारिकताएं सिंचाई विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई हैं। दोनों ही बराज में विद्युत मंडल द्वारा दो-दो सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं, जिसके लिए आवेदन व ट्रांसफार्मर की राशि सिंचाई विभाग द्वारा एक माह पहले ही जमा की जा चुकी है। ठेकेदार द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने की वजह पूछने पर बिजली विभाग द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराए जाने की बात कही जाती है।

शहर के भीतर दो-दो बराज बन जाने के बाद फिलहाल अरपा नदी में जलभराव नजर आए या न आए, लेकिन शहरवासियों को अरपा पार जाने के लिए बराज के रूप में दो नए पुल जरूर मिल गए हैं। शहरवासियों द्वारा कुदुदंड से सरकंडा जाने के लिए एवं पचरीघाट से चांटीडीह जाने के लिए इस पुल का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। शनिचरी रपटा के आए दिन जाम होने के कारण पचरीघाट बराज से आवाजाही लोगों को काफी राहत प्रदान करती है। दिक्कत यह है कि पूरी तरह बनकर तैयार बराज में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बराज के ऊपर पूरी तरह अंधेरा होने के कारण न केवल वाहनचालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना रहता है, बल्कि बराज के ऊपर नशेड़ियों व उपद्रवी तत्वों के द्वारा किसी अनचाही घटना को अंजाम देने का भय भी बना रहता है। अब देखना है कि बिजली विभाग द्वारा दोनो बराज पर ट्रांसफार्मर स्थापित करने में और कितने दिनों का समय लिया जाता है।

### बिजली विभाग को दिया गया है आवेदन

शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। दोनों में दो-दो सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर स्थापित करना शेष है, जो कि बिजली विभाग को करना है। सिंचाई विभाग द्वारा इसके लिए बिजली विभाग को आवेदन व ट्रांसफार्मर के लिए अपेक्षित राशि का भुगतान भी एक माह पूर्व किया जा चुका है।

**-पीएन श्रीवास्तव,** एसडीओ खारंग डिवीजन

---

## पार्टनरशिप में सुपर मार्ट खोलने का झांसा देकर 22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर पार्टनरशिप में सुपर मार्ट खोलने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 22 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले में धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, महापायापारा निवासी दिलेश्वर सिंह मरकाम पिता स्व. ईतवार सिंह मरकाम ने रिपोर्ट लिखाई। वे गिरजाबंद गेट के बाजू में हेल्थ सेक्टर में एडीवाइजर का काम करते हैं। 16 मार्च 2025 को दोपहर में ढोलपुर खम्हरिया हरदीबाजार कोरबा निवासी पुरूषोत्तम दास उर्फ कबीर सिंह मानकपुरी उनके घर आया और उन्हें बताया उसके पास एक बिजनेस आईडिया है और कटघोरा में कबीर एम सुपर मार्ट खोलने जा रहा है। उन्हें सम्मिलित होकर व्यापार करने की बात कहीं और जो भी लाभांश आयेगा उसे आपस में बांट लेंगे, जिससे वे सहमत हो गए। उन्होंने एम सुपर मार्ट खोलने के लिए 9 लाख रुपए फोन पे के माध्यमों से व 13 लाख रुपए गवाहों की उपस्थिति में नकद दिए। पैसा लेने के बाद वह एम सुपर मार्ट नहीं खोला तो उन्होंने अपना पैसा वापस मांगे तो 2 - 2 लाख का 3 चेक व 5 - 5 लाख का 5 चेक कुल 16 लाख दिया। उन्होंने चेक बैंक में जांच कराए तो उसके बैंक खाते में पैसा नहीं था। श्री मरकाम ने उन्हें बैंक में पैसा नहीं होने की बात कही तो उसने कोटक महिन्द्रा से उनके नाम से 50 लाख रुपए जमा करने की रसीद उनके मोबाइल के वाट्सएप में भेज दिया कहा कि शेष राशि नुकसानी के लिए है, किन्तु उक्त रकम उनके बैंक खाते में जमा नहीं हुई है। फोन से पैसा मांगने पर दिल्ली, रायपुर, बिलासपुर, पेंड्रा आओ बोलकर अलग अलग जगहों में बुलाता था और मिलता नहीं था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर होटल में नाबालिग से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर शहर की होटल में नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की व पचपेड़ी बकरकुदा निवासी प्रमोद यादव वर्ष 2023 में स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों के बीच जान पहचान हुई और प्रेम संबंध हो गया। उस दौरान युवक नाबालिग को घुमाने के लिए बिलासपुर लाया और हेमूनगर के एक होटल में लेकर रुका। वहां युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद युवक नाबालिग का दैहिक शोषण करता रहा है। नाबालिग ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 64, 2 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## थाना परिसर में एएसआई ने पीड़ित को गाली गलौज कर पीटा, सस्पेंड

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना परिसर में पीड़ित ने परिवाद जांच शीघ्र पूर्ण करने कहा तो आक्रोशित एएसआई ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एसएसपी ने मारपीट करने वाले एएसआई को निलंबित कर दिया है। रतनपुर निवासी विनोद कुमार जायसवाल पिता गनपत जायसवाल 12 अप्रैल को रतनपुर थाना गए और परिसर में एएसआई दिनेश तिवारी से मिलकर परिवाद जांच शीघ्र पूर्ण करने कहा। इससे एएसआई तिवारी आक्रोशित हो गए और उनके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। थाना परिसर में मारपीट की घटना से हड़कंप मच गया आनन फानन में पुलिसकर्मियों के द्वारा बीच बचाव कर विवाद शांत कराया गया। पीड़ित श्री जायसवाल ने घटना की शिकायत एसएसपी रजनेश सिंह से की। एसएसपी श्री सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना परिसर में मारपीट कर अवैधानिक कृत्य कर अशोभनीय आचरण प्रदर्शित करने के कारण एएसआई तिवारी को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच किया है। 15 अप्रैल को रतनपुर थाने में पीड़ित विनोद कुमार जायसवाल की रिपोर्ट पर एएसआई तिवारी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट के धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह ने बताया, मारपीट करने वाले एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

- पीड़ित की शिकायत पर एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज

### शासकीय राशि गबन का फरार कर्मचारी गिरफ्तार

बिलासपुर। शासकीय राशि का गबन करने वाले फरार कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, 3 मार्च को नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई थी। नवल सिंह पैकरा लेखापाल एवं देवेन्द्र कुमार पालके वृत्य विकास खंड कोटा के द्वारा शासकीय कर्मचारी होते हुए शासकीय राश सितंबर 2024 से फरवरी 2025 तक 25 लाख 44 हजार 22 रुपए एवं मार्च 2025 से नवंबर 2025 तक 4 लाख 57 हजार 800 रुपए कुल 29 लाख 62 हजार 222 रुपए गबन कर दिया है। पुलिस ने फरार कर्मचारी कोटा धरमपुरा निवासी देवेन्द्र कुमार पालके पिता स्व. गुलाबचंद पालके 38 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नवल सिंह पैकरा की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

---

## हाईकोर्ट ने कहा - सड़कों की दुर्दशा ही प्रदूषण, जाम व हादसों की मुख्य वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से लगे हुए दाधापारा स्टेशन के पास की सड़क भारी वाहनों से खराब होने के मामले में शासन और सीएसडीआईसी को जवाब पेश करने हाईकोर्ट ने समय प्रदान किया है। अगली सुनवाई समर वेकेशन के बाद ही होगी।

दरअसल कोयला परिवहन और अन्य खनिजों का परिवहन करने वाले भारी वाहनों से सडकें खराब हो रही हैं , इस बारे में समाचार प्रकाशित होने पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शरू की थी। पहले हुई सुनवाई में डिवीजन बेंच ने कोयला और फ्लाई ऐश परिवहन करने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढककर चलाने का निर्देश दिया था। कोर्ट कमिश्नर रविंद्र शर्मा ने रिपोर्ट में बताया था कि माणिकपुर माइंस तक जाने वाली सड़क पर कीचड़, धूल और फ्लाई ऐश फैला हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं और जाम का खतरा बना रहता है।




**दाधापारा स्टेशन के पास की सड़क भारी वाहनों से खराब**

### जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम भी शुरू

हाईकोर्ट ने माना कि, सड़कों की दुर्दशा ही प्रदूषण, जाम और हादसों की मुख्य वजह है। मुख्य सचिव और पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बताया था कि पिछले दो साल में परिवहन नियमों के उल्लंघन पर औद्योगिक इकाइयों से 1.43 करोड़ रुपए से अधिक का पर्यावरण मुआवजा वसूला गया है। फ्लाई ऐश की आवाजाही पर निगरानी के लिए जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम भी शुरू किया गया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने दाधापारा रेलवे स्टेशन के पास की सड़क में निजी कम्पनियों द्वारा सड़क बर्बाद किये जाने पर संज्ञान लिया और इस मामले में भी चीफ जस्टिस की डीबी ने सुनवाई शुरू कर दी। इसमें कोर्ट ने नगर निगम, शासन और छत्तीसगढ़ औद्योगिक संरचना विकास निगम से पूछा था कि, इस समस्या का क्या समाधान किया जा रहा है। पक्षकारों के अनुरोध के बाद हाईकोर्ट ने सीएसआईडीसी और राज्य शासन को जवाब पेश करने का समय प्रदान कर दिया। इसके साथ ही अगली सुनवाई हाईकोर्ट समर वेकेशन के बाद रखी गई है ।

---

## आज से चार दिनों तक लू चलने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रति चक्रवात निर्मित होने के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने की संभावना

- दोपहर बारह से तीन बजे तक धूप में ना निकलने की सलाह
- अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी के संकेत

जाहिर की गई है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के मध्य क्षेत्र में अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान गुरूवार से 19 अप्रैल तक लू चलने की संभावना जाहिर करते हुए दोपहर बारह से तीन बजे तक धूप में ना निकलने की सलाह दी है।



शहर में अब प्रचंड गर्मी का असर नजर आने लगा है। लोग दोपहर को अनावश्यक बाहर निकलने से बचने लगे हैं, जिससे शहर की सड़कें सूनी दिखाई देने लगी हैं। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान में अभी और बढ़ोतरी होने की बात कही है। इस दौरान गुरूवार से 19 अप्रैल तक ग्रीष्म लहर चलने की संभावना भी जाहिर की गई है। मौसम वैज्ञानिक डा.एचपी चंद्रा के अनुसार एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से मोरिन तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसी तरह एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उन्होंने प्रदेश में गुरूवार को मौसम शुष्क करने की संभावना बताते हुए प्रदेश के मध्य क्षेत्र में एक दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना भी जाहिर की है।

### 43 डिग्री के साथ राजनांदगांव रहा सबसे गर्म

बुधवार को प्रदेश में राजनांदगांव 43 डिग्री टेंप्रेचर के साथ सबसे अधिक गर्म रहा। इसी तरह बिलासपुर व दुर्ग 41. 9 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ दूसरे नंबर पर सबसे गर्म जिले रिकार्ड किए गए। बिलासपुर शहर में न्यूनतम तापमान की स्थिति 24 डिग्री सेंटीग्रेड रही।

---

## मवेशियों की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बरियो पुलिस ने मवेशियों की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम आरा सरना पारा के समीप पिकअप से मवेशी तस्करी की सूचना मिलने पर चौकी बरियो पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देखकर तस्कर वाहन लेकर भागने लगे, लेकिन वाहन खेत में फंस गया, जिसके बाद चालक मवेशियों से भरा पिकअप छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले में कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दौरान वाहन स्वामी और चालक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए फरार आरोपी की



तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सीतापुर रोड अंबिकापुर से आरोपी रंका अंतर्गत ग्राम सोनपूर्वा निवासी आबिद अंसारी (32 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### ओमपुर में मनाई गई बाबा की जयंती

**कोरबा।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती ओमपुर गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खदान नंबर 4-5 के मैनेजर श्री महिलांगे, सरपंच हरि सिंह राठिया, उपसरपंच पूनम चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि किशन पटेल, समारू टंडन, उत्तम बघेल, पुणेराम बघेल, शिव दिवाकर, गणेश, सत्येंद्र लहरे, गोपाल खूंटे, संपत ज्वाला नवधा सभी वरिष्ठजनों का सहयोग रहा।

### नगर में मनाया गया डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती



**कटघोरा।** डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती समारोह पत्रकार संघ कटघोरा के सचिव एवं अधिवक्ता रामविलास कुर्रे के कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अभ्यगत के रूप में नगर के समाज सेवी, अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा अजय धनोदिया उपस्थित रहे। जिन्होंने जय भीम की जयघोष के साथ कार्यक्रम प्रारंभ कर बताया कि बाबा साहब किसी एक वर्ग के लिए नहीं अपितु समूचे मानव समाज के कल्याण के कार्य किए है, देश में महिलाओं के शिक्षा, समानता का अधिकार उनकी देन है, समस्त नारी शक्ति को आज उन पर गर्व है, मुझे भी गर्व है कि आज उनके जन्मोत्सव पर केक काटने का अवसर मिला। इस दौरान युवा नेता सैयद हसन अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब के आदर्शों, उनके कार्यों को बताना मतलब सूर्य को दीपक दिखाने के समान है, आज हम जो खुशियां पा रहे है ये उन्हीं की देन है, आज हम और हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा, रोजगार, बेहतर जीवन बिना किसी भय के जी रहे है ये उनके बनाए संविधान, कानून की बदौलत है। इस अवसर पर संपादक गूगली न्यूज चंदन बघेल, प्राचार्य एसएन शिव, केएल डहरिया, एचआर निराला, जीवन मिरी, छवि लहरें, संतोष कुर्रे, देवेंद्र काटले, रामखिलावन कुर्रे इत्यादि उपस्थित रहे।

### विनोद बने शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष



**कटघोरा।** पाली ब्लॉक से मदनपुर रजकम्मा हाई स्कूल के व्याख्याता विनोद जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष एवं प्राथमिक शाला चिताघुटरी की शिक्षिका अर्चना किन्डो को जिला सहसचिव नियुक्त किया गया।

## निधन

### मोहनलाल चावड़ा



**कोरबा।** बालको निवासी दीपक चावड़ा के पिता मोहनलाल चावड़ा (91 वर्ष) का मंगलवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेक्टर-5 स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### टंकी में गिरा...

ऑपरेशन में मुख्य रूप से कटघोरा रेंजर शुभम मिश्रा, राजू बर्मन, बबलू मारवा, बिट प्रभारी रज्जन सिंह, परिक्षेत्र सहायक संतोष कुमार रात्रे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि कबर बिज्जू एक रात्रिचर जीव होता है, जो मुख्यतः रात के समय सक्रिय रहता है और दिन में पेड़ों या सुरक्षित स्थानों पर आराम करता है। इसका आहार सर्वाहारी होता है जिसमें फल, जामुन, कीट-पतंगे, छोटे जीव और कभी-कभी पक्षियों के अंडे शामिल होते हैं। यह बीजों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे वन पारिस्थितिकी को बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही यह प्रजाति वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची–1 के अंतर्गत आती है, जिसे सर्वोच्च स्तर का कानूनी संरक्षण प्राप्त है।

### बेहाल यातायात...

यातायात विभाग के निरीक्षक तेज यादव, एसआई आर.एन. रात्रे, ईश्वरी लहरे, मनोज राठौर, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव, संतोष सिंह ने अनेक वाहनों को क्रेन से उठवा लिया। बताया जा रहा है कि नगर में आवागमन को व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक कोशिश की जा रही है। आगे भी व्यवस्था निर्धारण के लिए मुख्य मार्गों पर ऐसी सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों को सचेत किया कि वे गैर जरूरी काम बिल्कुल ना करें, आगे भी सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

## सीबीएसई के दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित, कई स्कूलों में शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

# एनटीपीसी डीपीएस की दिशिता ने98.8, सेंट जेवियर्स की समीक्षा ने 98.4 एवं इंडस के शौर्य ने हासिल किए 97.6 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड के द्वारा बुधवार को 10वीं कक्षा के परिणाम घोषित किये गये। शाम 4 बजे परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सीबीएसई स्कूलों के प्रबंधकों के द्वारा अपने अपने स्कूल के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करने लगे। इस दौरान जिले में चलने वाले 37 सीबीएसई के स्कूलों में दसवीं के परीक्षा परिणाम में एनटीपीसी डीपीएस की दिशिता कृष्णा राव को 98.8 प्रतिशत प्राप्त हुए हैं। वहीं सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा समीक्षा देवांगन ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित की है।

### एनटीपीसी डीपीएस का सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम



दसवीं की घोषित परीक्षा में डीपीएस एनटीपीसी जमनीपाली के कक्षा 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौ प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। स्कूल के सभी 124 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि एक भी छात्र न तो फेल हुआ और न ही किसी को कम्पार्टमेंट मिला। इस उपलब्धि को क्षेत्र के शिक्षा जगत में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। परीक्षा परिणाम में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन करने के पीछे स्कूल के शिक्षक शिक्षकों की मेहनत का श्रेय देते हुए स्कूल के प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीपीएस जमनीपाली का यह परिणाम न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और अनुशासन के साथ विद्यार्थी निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने का भरोसा जताया है। परीक्षा परिणाम में स्कूल में संस्कृत विषय के 47 छात्र थे सभी को सौ में से सौ अंक मिले हैं। यह एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है। कुल 124 छात्रों में से 56 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। स्कूल के टॉपर्स रहे दिशिता कृष्णा राव 98.8 प्रतिशत, परी तिवारी 98.6 प्रतिशत, अमोल सिंह 98.4 प्रतिशत, पलक सिंह कुशवाहा 98.2 प्रतिशत के साथ रहे।

### कोयलांचल में इंडस पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम



इंडस पब्लिक स्कूल दीपका का सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों में अधिकतर विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी में पास होकर विद्यालय को किया गौरन्वान्वित किया है। छात्र शौर्य शर्मा 97.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रहे। वहीं विनीता कंवर 95.8 प्रतिशत, खुशबू साहू 95.4 प्रतिशत, इशिका अग्रवाल 95.2 प्रतिशत, अनोखी अग्रवाल 95 प्रतिशत व 93 प्रतिशत अंक के साथ पायल सहारन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के टॉपर शौर्य शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, प्राचार्य और शिक्षकों को दिया और कहा कि इंडस स्कूल के सभी शिक्षकों ने मदद करते हुए हर दुविधा को बहुत आसानी से सुलझा देते थे। यहाँ उच्च कोटि की शिक्षा का माहौल है जो हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है मै खुद यहाँ अपने अनुभव से कह सकता हूँ कि शुरू में जो विद्यार्थी बहुत कमजोर थे उन्हें भी विशेष शिक्षा प्रदान कर उनके स्तर को ऊँचा किया है। शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के बारे में बताया कि सभी विषय शिक्षकों ने खूब मेंहनत किया एवं लगातार विद्यार्थियों के संपर्क में रहे और कई टेस्ट करवाए। विद्यालय के प्राचार्य भी बच्चो के बेहतर परिणाम के लिए दिन-रात लगे रहते थे वे हमेशा शिक्षकों से विचार-विमर्श करते रहते थे। सैंपल बुक व अन्य परीक्षायोगी साधनो के लिए बुक पब्लिसर के संपर्क में हमेशा रहते थे कोई भी चीज जो बोर्ड परीक्षा लिए महत्वपूर्ण उसे किसी भी कीमत पर उपलब्ध करवाते थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने दसवीं बोर्ड के रिजल्ट पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी उत्साहजनक रहा विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत अधिकतर छात्रों का प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यालय ही नहीं बल्कि पुरे अँचल के लिए गर्व की बात है। बहुत से विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक लाकर अपने माता-पिता सहित पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय ने हमेशा बच्चो के हित के लिए कार्य किया है और उन्हें हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई है शिक्षकों को भी समय-समय पर एक्सपर्ट के द्वारा ट्रैनिंग भी प्रदान करवाई ताकि वे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य गढ़ने में मदद मिल सके विद्यार्थियों के पढाई को लेकर थोड़ी भी ढील नहीं दी गई हमने विद्यार्थियों के हर समस्या को सुना और उनका निराकरण भी किया कैसे बेहतर परिणाम हो इसके लिए हमने बहुत कठिन परिश्रम किया।

### सेंट जेवियर्स के 17 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये




विद्यालय के कुल 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा जो संस्था के उच्च शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। छात्रा समीक्षा देवांगन ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा योगेश सिंह 97 प्रतिशत, रूद्र देवांगन 96.4 प्रतिशत, अंशिका चंद्रा 95.4 प्रतिशत, सृजन दुबे 95 प्रतिशत, स्वराज शर्मा 94.4 प्रतिशत, सौम्या अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, तृशा प्रकाश 93.4 प्रतिशत, अनन्या वर्मा 92.8 प्रतिशत, दिविशा तिवारी 92.6 प्रतिशत, वर्निका सिंह 92.6 प्रतिशत, रिद्धिमा मालाकार 92.2 प्रतिशत, जे. अखिल चहल 91.6 प्रतिशत, अग्निप्रभा सरकार 91 प्रतिशत, मन्नत कौर 90.4 प्रतिशत, दिशा मिश्रा 90 प्रतिशत एवं पारुल डहरिया 90 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद झा, डायरेक्टर प्रांजल झा, मैनेजर डॉ. डीके आनंद एवं प्रभारी प्राचार्या श्रीमती रीता मुखर्जी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यालय की सुदृढ़ एवं अनुशासित शिक्षा प्रणाली को दिया।

### न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम




न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय की टॉपर साक्षी बरेठ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। संस्कृत विषय में 12 विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। गणित में 5 विद्यार्थियों ने सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं सामाजिक विज्ञान में 1 विद्यार्थी ने सौ में सौ अंक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त 37 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 72 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू ने सभी विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक दिलीप कुमार साहू ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है। प्राचार्य डीएस राव ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उप-प्राचार्य कीर्ति हरिट ने विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### डीडीएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किये अर्जित



डीडीएम पब्लिक स्कूल का कुल परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं सतत मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। जिनमें आशी अग्रवाल 96.4 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, प्रांजल साहू 94 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान एवं गौरव पांडेय 90.4 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के संस्थापक के एन सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में उत्तीर्ण कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल एवं आत्मनिर्भर बनाना है। यह परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के अटूट विश्वास का संयुक्त प्रतिफल है। हम सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले समय में देश एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। विद्यालय के सीईओ अमर नारायण सिंह ने कहा डीडीएम पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह सफलता हमारे समर्पित शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयासों का परिणाम है। हम आगे भी आधुनिक शिक्षा पद्धति एवं नैतिक मूल्यों के समन्वय से विद्यार्थियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्राचार्या सुश्री रिंकू बैरागी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की लगन, नियमितता एवं आत्मविश्वास का प्रमाण है।

# अहिरन नदी में रुका गंदा पानी हो रही परेशानी, प्रशासन बेखबर



अहिरन नदी में बहता गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के बीच से होकर गुजरने वाली अहिरन नदी इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ गई है। नगर का गंदा पानी लगातार नालों के माध्यम से सीधे नदी में गिराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नदी के पानी के बहाव को रोक दिए जाने के कारण गंदा पानी एक ही स्थान पर जमा हो गया है, जिससे नदी का स्वरूप अब गंदे तालाब जैसा दिखाई देने लगा है। इस वजह से आसपास का पूरा वातावरण दूषित होता जा रहा है और लोगों का जीना दूभर हो गया है।

**खास बात**

- गंदे पानी में नहाने को मजबूर नगरवासी

स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से नगर का गंदा पानी बिना किसी शोधन के सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। पहले नदी का बहाव बना रहने के कारण पानी आगे निकल जाता था, लेकिन अब पानी रुक जाने से गंदगी लगातार जमा होती जा रही है। नदी में कचरा, गंदगी और सड़ांध के कारण तेज बदबू फैल रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी सब्जी विक्रेताओं और आसपास के किसानों को उठानी पड़ रही है। मजबूरी वश इसी गंदे पानी में नहाने के साथ साथ सब्जियों को धोने के लिए विवश हैं। उनका कहना है कि साफ पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें यही गंदा पानी उपयोग करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल उनकी मजबूरी को दर्शाती है बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है, क्योंकि उस पानी मे धुली वही सब्जियां बाजार में बिककर लोगों के घरों तक पहुंचती हैं। नगरवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत कई बार सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते नालों के गंदे पानी को नदी में गिरने से नहीं रोका गया और नदी के रुके हुए पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। नदी की सफाई कराई जाए, नालों के गंदे पानी को रोकने के लिए उचित व्यवस्था बनाई जाए और नदी के प्राकृतिक बहाव को पुनः शुरू कराया जाए, ताकि नगर का वातावरण स्वच्छ रह सके।

### श्रीवास समाज ने मनाया गया संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती



**कोरबा।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शोभायात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो गुफा मंदिर सीतामढ़ी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराना बस स्टैंड क्षेत्र तक पहुंची। इस दौरान समाज के अनेक स्वजातीय बंधु, माताएं-बहनें एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे वातावरण को भक्ति एवं उत्साह से सराबोर कर दिया। इसी क्रम में पुरानी बस्ती, कोरबा स्थित श्रीवास महिला समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज की पावन जयंती के अवसर पर शोभायात्रा के स्वागत के साथ शीतल शरबत एवं भोग-प्रसाद वितरण का सुंदर आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ सम्मिलित होकर संत शिरोमणि सेन महाराज के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए तथा क्षेत्र सहित समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर श्रीमती कौशिल्या गोपाल श्रीवास, नरेन्द्र देवांगन, नूतन सिंह ठाकुर, श्री शत्रुहन श्रीवास, मोहनलाल श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, श्रीमती ममता श्रीवास, रमेश श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

# रेल सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने रेलवे के अफसरों से की जाएगी चर्चा : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल सुविधाओं के विस्तार कि मांग को लेकर कोरबा विकास समिति (रेल) ने अपने चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत कर दी है।पहले चरण मे बुधवार को समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाक़ात कर अपनी मांगो के संदर्भ मे ज्ञापन सौंपा और उनसे आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर रेल सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने समिति का सहयोग करें। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वास्त किया कि वे अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे।

**खास बातें**

- कोरबा विकास समिति रेल ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन
- पहले चरण में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समिति को सहयोग की अपील

कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रतिनिधि मंडल से चर्चा मे कहा की समिति की मांगो को तीन से चार चरणों बांट कर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।पहले चरण मे स्थानीय स्तर की समस्याओं के संदर्भ मे रेल अफसरों से चर्चा कर 15 दिनों के भीतर रेल समिति को अवगत कराएंगे।जरूरत पड़ी तो बिलासपुर मंडल व ज़ोनल अफसरों के साथ समिति के प्रतिनिधियों की बैठक भी कराई जाएगी।दूसरे और तीसरे चरण मे रेल मंत्रालय एंव रेलवे बोर्ड स्तर की समस्याओ के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी इस हेतु रेल मंत्रालय ,रेलवे बोर्ड मे पत्राचार का आग्रह किया जाएगा। कलेक्टर से मुलाक़ात करने गये कोरबा विकास समिति (रेल) के प्रतिनिधि मंडल मे एमडी मखीजा, रामसिंग अग्रवाल, किशोर शर्मा, श्रीकांत बुधिया, कमलेश यादव, राकेश श्रीवास्तव, हितानंद अग्रवाल, श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा, हरीश परसाई, योगेश जैन, अखिल अग्रवाल, आरके पाण्डेय सहित अन्य नागरिक शामिल थे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कोरबा विकास समिति ( रेल) के सदस्य।

### ये है मांगे

- कोरबा रेलवे स्टेशन में निर्मित पिटलाइन की सुविधा को शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जाए।
- रेलवे समय बेसमय यात्री ट्रेनों को विभिन्न कारणों से रद्द कर देता है, समिति यह मांग करती है कि कोरबा से चलने वाली सभी प्रकार की यात्री गाड़ियों का प्रचालन नियमित एवं समयबद्ध तरीके से करे।
- कोरबा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित कोल साइडिंग से स्टेशन में होने वाले प्रदूषण पर पूर्ण नियंत्रण की व्यवस्था रेलवे द्वारा की जाए।
- रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अनुसार कोरबा रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म में पीने के पानी एवं महिला व पुरुष शौचालय की समुचित व्यवस्था, विकलांग एवं बुजुर्ग यात्रियों के लिए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने हेतु रैंप तथा लिफ्ट, एस्केलेटर की व्यवस्था, रेलवे स्टेशन में बने प्रवेश द्वार की ऊंचाई मानक के अनुरुप की जाए।
- लेवल क्रॉसिंग बंद रखने की समस्या का शीघ्र अतिशीघ्र समाधान किया जाए।
- कोरबा से रायपुर तक हसदेव एक्सप्रेस की सुविधा रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई है। समिति यह मांग करती है कि हसदेव एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त ए.सी. कोच की वृद्धि कर इसका परिचालन कोरबा से रायपुर की जगह कोरबा से दुर्ग तक करने की सुविधा उपलब्ध कराए।
- कोरबा से रायपुर-दुर्ग-नागपुर होते हुए अमृतसर तक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की सुविधा उपलब्ध है। वापसी में यह एक्सप्रेस ट्रेन कोरबा तक आने की बजाए बिलासपुर में ही निरस्त कर दी जाती है उक्त ट्रेन को कोरबा तक चलाया जाए।
- कोरबा रेलवे स्टेशन में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा का विस्तार किया जाए।
- स्टेशन पर यात्री गाड़ी के आगमन से 20 मिनट पूर्व और 20 मिनट पश्चात तक सुनालिया, पवन टॉकिज, इमलीडुग्गू रेलवे क्रॉसिंग को बंद ना रखा जाए तथा संजय नगर में रेलवे क्रॉसिंग में प्रस्तावित अंडरब्रिज का कार्य शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप




### प्रेरणा महिला समिति द्वारा पियाऊ का किया गया शुभारंभ

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन भाभी एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सराहनीय सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला के मेन गेट के सामने एक सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत पियाऊ का निर्माण एवं शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राहगीरों की सुविधा हेतु पियाऊ की व्यवस्था की गई। साथ ही उपस्थित सभी राहगीरों को स्वल्पाहार स्वरूप गुड़-चना, फल एवं शरबत भी वितरित किया गया। यह सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा की उपस्थिति में उनके सहयोगियों श्रीमती प्रियंका खरे, श्रीमती रश्मि टंडन, संगीता सराफ, श्रीमती बबीता मेहरा, श्रीमती इतिश्री बड़ई एवं श्रीमती शीला श्रीवास के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### युवा कांग्रेस ने शरबत का किया वितरण



**अरदा।** युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा टीम द्वारा अरदा चौक में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राहगीरों, मजदूरों, बच्चों और बुजुर्गों को ठंडा शरबत वितरित कर भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई। यह पहल लोगों के लिए काफी मददगार साबित हुई। युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा महासचिव शत्रुहन पटेल ने बताया युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान का जन्मदिवस हर वर्ष मनाया जाता हैं। जन्मदिन पर अरदा युवा कांग्रेस टीम द्वारा इस वर्ष अरदा चौक में शीतल शरबत वितरण किया गया, बीते वर्ष अस्पताल में मरीज व उनके परिजनों को भोजन, फल वितरण किया गया था। उपस्थित लोगों ने युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान जन्मदिन की शुभकामनाएं दिये। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि रहमान खान, अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले, महासचिव शत्रुहन पटेल, नीरज बंजारे, युवा कटघोरा ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर, ब्लाक महामंत्री सरोजनी महंत, ब्लाक सचिव नीरा बिंझवार, मिथलेश बाई, तुली बाई, कांग्रेस कमेटी अरदा पंचायत अध्यक्ष रखी कंवर, देव कंवर, फिरोज, दुबराज कंवर, पुरातन दास, विकास यादव, रामनारायण चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रजनीकांत बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने ग्राम पंचायत लीमडीह निवासी बरपाली ब्लॉक सचिव रजनी कांत पटेल को जनभागीदारी समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान का सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किया गया है, नियुक्ति संबंधित रजनी कांत पटेल ने सांसद एवं विधायक तथा जिला अध्यक्ष मनोज चौहान व कॉंग्रेस संगठन का आभार व्यक्त किया किया है, उन्होंने कहा कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक पार्टी के दिशानिर्देशानुसार किया जाएगा, उन्होंने कहा कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए विधालय की मूलभूत सुविधाओं /संरचनाओं की व छात्रों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा।

# बालको में अलाइसा रोबोट तैनात, कर्मचारियों को मिलेगा रियल-टाइम सुरक्षा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अलाइसा (एल्यूमिनियम एआई सपोर्ट एजेंट) नामक एक अत्याधुनिक एआई-संचालित ह्यूमनॉइड असिस्टेंट को संयंत्र में तैनात किया है। यह अपनी तरह का पहला सिस्टम है, जिसे एल्यूमिनियम निर्माण में शॉप फ्लोर की क्षमता, संचालन दक्षता और औद्योगिक सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

बालको के स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स में कार्यरत अलाइसा शॉप फ्लोर टीम के लिए ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण, ज्ञान और निर्णय-सहायता के एक इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। यह सिस्टम कन्वर्सेशनल एआई को प्लांट-विशिष्ट ऑपरेशनल इंटेलिजेंस के साथ जोड़ते हुए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), मानक रखरखाव प्रथाओं (एसएमपी) और महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल पर रियल-टाइम, संदर्भित मार्गदर्शन सीधे कार्यस्थल पर उपलब्ध कराता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारी कंपनी में तकनीक और मानव क्षमता के संतुलन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अलाइसा की तैनाती हमारी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शॉप फ्लोर पर सीखने, निर्णय लेने और सुरक्षा के मानकों को नई दिशा दे रहा है। यह पहल न केवल कर्मचारियों को रियल-टाइम मार्गदर्शन प्रदान करती है बल्कि उन्हें अधिक सक्षम, जागरूक और आत्मनिर्भर भी बनाती है। हम एक सुरक्षित, स्मार्ट और भविष्य-तैयार कार्यस्थल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरुआती चरण में अलाइसा ने 100 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। यह लर्निंग मॉड्यूल, रियल-टाइम प्रश्न समाधान और मूल्यांकन-आधारित सिस्टम प्रदान करता है, जिससे सुपरवाइजर कर्मचारियों की समझ और कौशल प्रगति की प्रभावी निगरानी कर सकते हैं। डेटा-आधारित सतत सीखने को शॉप फ्लोर में समाहित कर, यह सिस्टम प्रक्रियाओं के मानकीकरण, सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सुदृढ़ करने और उच्च-तीव्रता वाले औद्योगिक वातावरण में कार्यबल की तैयारी को बेहतर बना रहा है। प्रारंभिक फीडबैक से यह भी स्पष्ट हुआ है कि कर्मचारियों को तकनीकी जानकारी तक बेहतर पहुंच मिली है, संचालन संबंधी समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है और रियल-टाइम निर्णय लेने में उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। बालको में कार्यरत परास्नातक प्रशिक्षु उदय चौहान ने कहा कि पॉटलाइन पर कार्य शुरू करने से पहले मैंने 'अलाइसा' के माध्यम से एसओपी-आधारित सुरक्षा प्रशिक्षण लिया। यह एक उत्कृष्ट अनुभव रहा। एक रोबोट होने के बावजूद, प्रशिक्षण उतना ही प्रभावी था जितना किसी मानव ट्रेनर द्वारा दिया जाता है।

**अपनी तरह का पहला सिस्टम**

**खास बात**

- एल्यूमिनियम निर्माण के दौरान सुरक्षा को बेहतर बनाने किया गया तैयार



## मार्च महीने में करना था हितग्राहियों को वितरण

# पीडीएस दुकानों में चावल का संकट, तीन माह के चावल के लिए करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चावल का संकट बना हुआ है। तीन माह का एक साथ चावल मार्च महीने में वितरण करना था वह कई पीडीएस दुकानों में नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**

- पीडीएस दुकान खुलते ही ग्राहकों की लग रही भीड़

विशेषकर ग्रामीण अंचल के हितग्राहियों को इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। पीडीएस दुकान खुलते ही शहर से लेकर गांव तक हितग्राहियों की भीड़ दुकानों में लग रही है। शहर के कुछ दुकानों में देर शाम तक चावल का वितरण का दौर चलता है।

पीडीएस चावल के लिए पिछले तीन माह से चल रही है मारामारी थमने का नाम नहीं ले रही है। दुकान खुलते ही हितग्राहियों की भीड़ दुकानों में पहुंचने लगती है। मार्च महीने में तीन माह का एक साथ चावल देने की घोषणा की गई थी किंतु तीन माह का चावल एक साथ नहीं मिला और अब आधा अप्रैल गुजर चुका है और अभी भी चावल के लिए के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। शहर की पीडीएस दुकानों से लेकर गांव की पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण नहीं होने के कारण हितग्राहियों को तीन माह का चावल नहीं मिल रहा है। एक माह का चावल देकर ही उन्हें चलता किया जा रहा है। आम लोगों को चावल नहीं मिलने की समस्या जूझना पड़ रहा है। इसका अधिकृत जवाब पीडीएस संचालक भी हितग्राहियों को नहीं दे पा रहे हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भंडारण किया जा रहा है। जहां भंडारण नहीं हो पाया है वहां इस बात की समस्या आ रही है लेकिन प्रयास किया जा रहा है कि एक साथ तीन माह का चावल दिया जाए। शहरी पीडीएस दुकानों में भंडारण का काम तेजी से हो रहा है और वैसे भी शहर के पीडीएस दुकानों में चावल की समस्या से संबंधित शिकायत प्रशासन तक नहीं पहुंचती। यही कारण है कि हितग्राहियों का समस्या की जानकारी प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती। जब कभी ग्रामीण अंचल की हितग्राही जनदर्शन पहुंचते हैं तब जाकर हकीकत सामने आती है।



खाद्य सामग्री लेने पहुंचे हितग्राही।

**गांव जाकर राशन वितरण करने के दिए गए थे निर्देश**

अधिकांश पीडीएस दुकानें पंचायत मुख्यालय में चल रही है और उनके आश्रित ग्रामों की दूरी 4 से 5 किमी दूरी के लगभग होती है और वहां के हितग्राहियों को चावल वितरण का लाभ नहीं मिल पाता। जब तक उन्हें पीडीएस चावल की वितरण की जानकारी मिलती है तब तक पंचायत मुख्यालय के हितग्राहियों को ही अपने कोटे का चावल का उठाव कर लिया जाता है। जिसकी वजह से दूर दराज के आश्रित ग्रामों के हितग्राही बैरंग लौटते हैं। इस समस्या को देखते हुए पूर्व कलेक्टर ने आश्रित ग्रामों में जाकर चावल वितरण करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए थे जो उनके जाते ही फाईलों में दबकर रह गए और अभी भी आश्रित ग्राम के हितग्राही चावल वितरण के लिए भटक रहे हैं।

**गोदाम की सुविधा नहीं**

ग्रामीण अंचल में चलने वाली पीडीएस दुकान या तो पंचायत भवन में चल रही है या फिर स्व सहायता चला रही है या सहकारी समिति चला रही है। इनमें सहकारी समितियों में ही गोदाम की सुविधा दी गई है। अन्य स्थानों में पीडीएस दुकानों को गोदाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि नागरिक आपूर्ति निगम से भेजा गया चावल का भंडारण नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के साथ कोरबा विकासखंड के जनजाति क्षेत्रों में नजर आ रही है। जहां पीडीएस दुकान पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही है।

**भंडारण किया जा रहा है**

तीन माह के चावल वितरण के लिए पीडीएस दुकानों में भंडारण किया जा रहा है। जिन दुकानों में गोदाम की सुविधा नहीं है वहां जरूर भंडारण की समस्या खड़ी हुई है लेकिन सभी दुकानों में चावल वितरण कराया जा रहा है।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

## 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम रवाना



तीर्थयात्रा को हरी झण्डी दिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत से बुधवार की सुबह 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिये अयोध्याधाम रवाना हुआ। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयॉं देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, रिशू श्रीवास्तव, अमित टमकोरिया, जितेन्द्र राजपूत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी जिले से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहॉं से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयॉं देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर पार्षदों ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# तीन अन्य पर अनाचार का अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि सहित अन्य पर एक ग्रामीण ने पत्नी के साथ अनाचार कर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व में की गई शिकायत के बाद केवल एक आरोपी पर कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर अन्य दोषी लोगों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की है।

**खास बातें**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारीसाना का मामला
- मामले में सिर्फ एक आरोपी पर दर्ज किया गया है अपराध

मामले की शिकायत गनपत सिंह मरकाम पिता गोपाल सिंह मरकाम निवासी ग्राम कुम्हारीसानी थाना पसान ने पुलिस अधीक्षक से की है। गनपत सिंह का आरोप है कि उसके चाचा इतवार सिंह निवासी ग्राम सिर्री थाना पसान की मृत्यु हो जाने से उनका दशगात्र कार्यक्रम 21 फरवरी को ग्राम सिर्री में होना था। जहां उसकी पत्नी जयकुंवर भाभी लीलावती के साथ शामिल होने गई थी। वहां से भाभी लीलवती अपने मायके ग्राम अमलीबहरा चली गई। 24 फरवरी को जब भाभी घर वापस आई तो उससे पूछने पर पता चला कि 22 फरवरी को जयकुंवर अपने घर कुम्हारीसानी आने के लिये सिर्री से निकली थी, परंतु 24 फरवरी तक घर वापस नहीं पहुंची। उसके बाद उसने अपनी पत्नी जयकुंवर को जगह-जगह खोजा परंतु नहीं मिली। 26 फरवरी को थाना पसान एवं मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी कि सुखरी तालाब रानी सागर पसान के पास किसी महिला की लाश पड़ी हुई है। जाकर देखने पर पता चला कि उक्त लाश उसकी पत्नी जय कुंवर की है। गांव में ही उसे ये जानकारी मिली थी उसकी पत्नी एक जनप्रतिनिधि के घर के पास उतरी थी तथा सुखदेव सिंह करियाम मोटर सायंकल से रेकी कर रहा था। गनपत ने उक्त जनप्रतिनिधि के घर के बाहर लगे हुए सी.सी. कैमरे को देखने हेतु उससे बोला। तब उसके द्वारा गाली गलौच करते हुए उन लोगों को वहां से भगा दिया गया। जिससे उन लोगों को शंका हुई कि उक्त अपराध में प्रकाशचंद्र जाखड़ भी मिला हुआ है। अन्य सी. सी. कैमरे की रिकार्डिंग में सुखदेव करियाम अपनी मोटर सायकल में उसकी पत्नी को बैठाकर लेकर जा रहा है। गनपत का आरोप है कि उन्हें यह भी जानकारी प्राप्त हई है कि सुखदेव सिंह के साथ पवन सिंह मरकाम, शंकर नेटी, कपिल करियाम ने उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी है, परंतु थाना पसान, पुलिस अधीक्षक कोरबा के समक्ष शिकायत किए जाने के बावजूद भी उक्त आरोपीगणों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही न कर केवल सुखदेव करियाम को आरोपी दर्शाकर उसके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।



शिकायत पत्र सौंपता ग्रामीण।

## बंद आरओ प्लांट को शुरु करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

प्रदेश सहित जिले में सूरज ने अपने तेवर दिखाना शुरु कर दिया है। पारा चढ़ने के साथ ही दीपका नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल का संकट गहराने लगा है। भीषण गर्मी के बीच मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर राहगीरों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद हिमांशु देवांगन ने मोर्चा खोलते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पार्षद हिमांशु देवांगन ने अपने पत्र के माध्यम से प्रशासन का ध्यान नगर की बदहाल जल व्यवस्था की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा लाखों की लागत से सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए आर.ओ. प्लांट वर्तमान में शोपीस बनकर रह गए हैं। रख-रखाव के अभाव में ये प्लांट बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को शुद्ध शीतल जल नसीब नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी में निर्धन वर्ग और दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों की पीड़ा को साझा करते हुए पार्षद ने कहा कि मुख्य बाजार में रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही होती है। वर्तमान में एक भी प्याऊ केंद्र सक्रिय नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में महंगी बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं या प्यासा रहना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन को जनहित में तत्काल प्रमुख चौराहों पर ग्रीष्मकालीन प्याऊ घर स्थापित करने चाहिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## डीएमएफ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने किया निर्देशित

# विकास कार्यों को बेहतर क्रियान्वयन करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और उनके प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाए तथा आपसी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ तय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में जनगणना 2026 की तैयारियों की जानकारी लेते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रो में बैनर-पोस्टर के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा सार्वजनिक उपक्रमों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। जनगणना कार्य मे नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों की समय पर प्रशिक्षण पूर्ण करने एवं समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। गर्मी के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने जिले के खराब हैंडपंपों की मिशन मोड में मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस हेतु पंचायतों से मरम्मत योग्य हैंडपंपों की सूची प्राप्त कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिससे आमजन को राहत मिल सके। पीडीएस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने माह के अंत तक सभी सोसायटियों में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने और समय पर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। गम्भीर बीमारी से पीड़ति एवं स्वास्थ्य लाभ दिलाने हेतु प्राप्त होने वाले आवेंदनो पर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने, पीड़तिों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ दिलाने एवं आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की बात कही। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मेंटीबी की पहचान हेतु एक्स-रे जांच को अनिवार्य रूप से बढ़ाने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एमएमयू, नगरीय निकायों एवं सार्वजनिक उपक्रमों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आधार एवं अपार आईडी से छूटे हुए स्कूली बच्चों का चिन्हांकन कर आधार व आपार आईडी बनवाने के लिए कहा। कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों में प्रगति लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गॉंव (भारत का अंतिम गॉंव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411